हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 19 जुलाई 2024

06 बरसते पानी में मौसी के घर से विदा हुए भगवान ...



07 महिला सरंपचों को मास्टर ट्रेनर ने दी उनके...





## खबर संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा पर होगा गुरु की पादुका पूजन

**विदिशा।** सद्गुरु परिवार आनंदपुर द्वारा गुरु पूर्णिमा का महापर्व श्री रामदास हनुमान मंदिर सदगुरु नगर में मनाया जाएगा। ट्रस्टी रवि उपाध्याय में बताया कि प्रति वर्षानुसार 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव पर सुबह 8.30 बजे परम पूज्य सदगुरुदेव रणछोड़ दास महाराज की पादुका पूजन, अभिषेक एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। हनुमानजी मंदिर में आयोजित गुरुपूर्णिमा पर्व पर मुम्बई, राजकोट सदगुरु परिवार के साथ सदगुरु संस्कृत विद्यापीठ के विद्यार्थी शामिल रहेंगे।

### उचित मूल्य दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित

**विदिशा।** अनुविभागीय अधिकारी गंजबासौदा के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भिदवासन को आवंटित शासकीय उचित मूल्य दुकान भिदवासन एवं मासेर निरस्त की गई है। विकासखंड गंजबासौदा में रिक्त 02 ग्राम पंचायतों भिदवासन एवं मासेर में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान खोली जाना हैं। दुकान आवंटन की कार्यवाही हेतु 30 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन हेतु वेबसाइट www.rationmitra.nic.in पर पात्र संस्थाओं द्वारा आवेदन किया जा सकता है।

### जिलाबदर आदेश जारी

**विदिशा।** कलेक्टर ने एसपी के प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिया है। अपराधों में लिप्त रितिक उर्फ छिंगा रैकवार पुत्र अन्नू रैकवार निवासी माता मंदिर वाली गली थाना कोतवाली को छह माह के लिए जिलाबदर किया गया है। उसे विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से निष्कासित किया गया है।

### मोहर्रम पर उठी सवारी कर्बला पहुंचकर हुई ठंडी

**ग्यारसपुर।** नगर में मुस्लिम समाज द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द एवं अमन की दुआओं के साथ मातमी पर्व मोहर्रम मनाया गया । मोहर्रम पर्व के अवसर पर बस्ती के बीच में कारखाना से तीन सवारी उठी जो की चंदला वाली, मुंडी टोहरिया, पंच्चपीर की सवारी देर रात ग्यारसपुर की पुरानी बस्ती के मुख्य मुख्य स्थानों पर पहुंची। जिनमें प्राचीन स्थान किले के पास मस्जिद कुमार मोहल्ला बस्ती होते हुए कर्बला में देर रात सवारियां ठंडी की गई। इस दौरान सवारी में काफी संख्या में हिंदू मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे जिन्होंने पुरानी बस्ती में भ्रमण करते हुए जगह-जगह लोभान, अर्पित किया गया वहीं नगर के लोगों ने अपने-अपने घर के सामने सवारियों को फूल माला पहनाकर सवारियों से आशीर्वाद लिया। सवारियों मैं पूरे समय पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। सैकड़ों की संख्या में बड़े बूढ़े बच्चे सवारियों में मौजूद रहे।

### सत्र के शुभारंभ पर छात्रों का किया स्वागत

**विदिशा।** सेंटमैरी कॉलेज में नवीन सत्र 2024-25 का शुभारंभ विद्यार्थियों का स्वागत करके किया गया। डायरेक्टर सेलविन जॉन, कॉलेज डीन फादर जोभी, प्रिंसिपल नलिन थपलियाल तथा विद्यार्थियों के द्वारा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। फादर सेल्विन जॉन ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी कॉलेज की सफलता की कुंजी है। आप लोग जितने सफल होंगे कॉलेज का नाम उतना उज्जवल होगा। उन्होंने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को साधुवाद दिया एवं उनके सफल जीवन की कामना की, कॉलेज डीन फादर जोभी ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के बारे में बताया और कहा कि यह शिक्षा नीति सभी को अपनी पसंद का विषय चुनने की स्वतंत्रता देती है, प्रिंसिपल नलिन थपलियाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने का निर्देश दिया।

## राजस्व मंत्री का दौरा : नामांतरण, बंटवारा सहित अन्य प्रकरणों का समयावधि में निपटारा करने के निर्देश

# राजस्व अधिकारी आमजनों के विश्वास पर इतने खरे उतरें की चर्चा हो: मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने गुरुवार को राजस्व महाअभियान का शुभांरभ किया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा है कि आमजनों के विश्वास पर खरे उतरें और कार्यों के त्वरित निराकरण की चर्चाएं चौराहों पर हों। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी की कार्यप्रणाली से ही विभाग की ख्याति प्रदेश ही नहीं देश के हर कौने में पहुंचे ऐसे जनहितैषी कार्यों से जाने जाएं।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने बैठक के दौरान कहा कि राजस्व महा अभियान का उद्धेश्य आमजनों की राजस्व संबंधी समस्याओं का निदान करना है जिससे उन्हे भटकना न पड़े। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि वे विधायकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखें। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि पूर्व में भी राजस्व अभियान का संचालन किया गया था। जिसमें लाखों की संख्या में प्रकरणों का निराकरण किया गया था। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि महाअभियान अवधि में राजस्व से संबंधित प्रकरणों का समयावधि में निराकरण हो। कोई भी व्यक्ति नामांतरण, फौती नामांतरण बंटाकन या बंटवारा सहित अन्य के आवेदन शिविर के माध्यम से प्रस्तुत कराता है तो आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि नामांतरण का कार्य 45 दिन की समयावधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि पूरी ईमानदार और लगन के साथ राजस्व महा अभियान तहत क्रियान्वित बिंदुओं का नियमानुसार क्रियान्वयन जारी रहे। जन सेवा के लिए यह बहुत ही नेक कार्य मध्यप्रदेश शासन के द्वारा संचालन किया जा रहा है।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने किन-किन प्रकरणों के लिए क्या-क्या तय सीमा निर्धारित है कि भी पूछताछ कर क्रास मानिटरिंग की। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि कलेक्टर स्वयं इस महाअभियान पर नजर रखें है यहीं कारण है कि विदिशा जिला पिछले अभियान की प्रथम पांच की रैकिंग सूची में शामिल था। कलेक्टर श्री वैद्य ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन के राजस्व संबंधी मामलों के निराकरण में विदिशा जिला पहली बार ए ग्रेड सूची में शामिल हुआ है और प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है।

कलेक्टर श्री वैद्य ने बैठक के अंत में आश्वस्त कराया कि राजस्व महा अभियान 2.0 के सभी उद्धेश्यों की पूर्ति विदिशा जिले में समय सीमा में पूरी कर निराकरण मामलों में जिला प्रदेश के टॉप फाइव में शामिल होगा।

### राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने राजस्व अभियान का शुभांरभ किया



**विदिशा।** राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान जिलेभर के अधिकारियों को निर्देश देते राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा।

### राजस्व मंत्री ने कलेक्ट्रेट की मां वाटिका का अवलोकन किया

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधा रोपित किया। उन्होंने कलेक्टेट परिसर में तैयार की जा रही मां वाटिका का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की और अधिक से अधिक पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित रखने का संदेश दिया है। उन्होंने यहां पौधे की प्रजाति हर्र सहित आम, जामुन, नींबू, कटहल सहित अन्य प्रजातियां के पौधों को संरक्षित रखने हेतु स्टील की जाली से किए गए प्रबंधों की प्रशंसा भी की। इस दौरान विदिशा विधायक मुकेश टंडन, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जादौन, कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, राकेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर व राजस्व सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



*भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन*

## राजस्व के सरकारी नालों पर कब्जे और अवैध निर्माण हटाने की मांग



*विदिशा। भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रवि साहू ने गुरुवार को राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा को ज्ञापन देकर राजस्व के सरकारी नालों पर किए जा रहे अवैध कब्जों को हटाने की मांग की। मंत्री को दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि अहमदपुर रोड पर बिजली विभाग के कार्यालय की दीवार तोड़कर अवैध कालोनाइजर को रास्ता दिया जा रहा है।*

*बिजली कंपनी के अधिकारियों की सांठगांठ से कालोनाइजर द्वारा प्रशासन की नाक के नीचे सरकारी भूमि पर दुकानें बनाईं जा रही हैं। राजस्व मंत्री ने कलेक्टर को अवैध दुकानें तोड़ने के आदेश दिए हैं। समिति के ज्ञापन पर विधायक मुकेश टंडन ने भी अवैध निर्माण तोड़ने के लिए कलेक्टर से कहा। ज्ञापन सौंपने वालों में समिति के भानू प्रताप राजपूत, रोहित साहू, सुशील कुशवाह, अभिसेख ठाकुर, रामचरण अहिरवार, संदीप वंस्कार, संजय अहिरवार, मोहन अहिरवार, कुलदीप वंशकार, छोटू कुशवाह सहित समिति कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

## पारिवारिक विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई को जहरीला पदार्थ पिलाया, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पारिवारिक विवाद के चलते दो भाइयों में लंबे अरसे से वैमनष्यता चली आ रही है। छोटे भाई को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। उसने अपने ही भाई पर जहर खिलाने का संगीन आरोप लगाया है।

खामबाबा टीला पर रहने वाले ओंकार सिंह बैरागी और उसके बड़े भाई के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा है। गुरुवार को बड़े भाई और उनके बेटों ने ओमकार सिंह के साथ मारपीट की। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। वहां आसपास मौजूद लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने अपने ही भाई पर जहर खिलाने का आरोप लगाया है। इलाज चल रहा है। ओंकार सिंह ने बताया कि लंबे समय से उसके भाई के साथ उसका पारिवारिक विवाद चल रहा है। उन्होंने हमारे घर के सामने घर बना लिया है।

रोजाना उसे प्रताड़ित किया जाता है। गुरुवार को भी मेरी पत्नी से विवाद किया गया। जब पुलिस में शिकायत दर्ज कराने जा रहा था तो मेरे साथ मारपीट करने के बाद मुझे जहरीला पदार्थ खिला दिया गया। जिससे तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ट्रामा सेंटर में उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने ओंकार सिंह के बयान दर्ज कर लिए हैं। बयानों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### नदी में डूबने से युवक की मौत, नहीं हो पाई शिनाख्त

**विदिशा।** गुरुवार को एक युवक बेतवा नदी में कूद गया। जिससे उसकी मौत हो गई। लोगों ने युवक को नदी से बाहर निकाला और उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि दोपहर के समय युवक किसी लड़की के साथ बेतवा नदी के तट पर पहुंचा। अचानक नदी में छलांग लगा दी । जब वह डूबने लगा तो घाट पर मौजूद लोग उसे बचाने कूदे और बाहर निकाला। युवक को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय लेकर आए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृत युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है, फिलहाल मर्ग कायम करके जांच शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में एसएटीआई के छात्रों को मिली सफलता



**विदिशा।** चेन्नई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यशाला में एसएटीआई के एप्लाइड केमिस्ट्री विभाग के छः छात्र अमन शर्मा, सौरभ नायक, अंशु कुमार, नीतेज पाल, मोहित रघुवंशी तथा विनय चौकसे का चयन किया गया।देश के विभिन्न आइआइटी, एनआईटी, आइआइएम के समकक्ष ही भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसन्धान संस्थान (आइसर) भी राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान है जिसमें विज्ञान के क्षेत्र में उच्च स्तर पर रिसर्च होता है। संस्थान में व्यापक अनुसंधान के लिए आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं।

#### कलेक्टर से मिले अनाज तिलहन उत्थान कल्याण संघ के पदाधिकारी

## मिर्जापुर मंडी में ही तौल शुरु कराने कलेक्टर ने मंडी सचिव सहित व्यापारियों को बुलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पुरानी मंडी में हो रही तौल को नई मंडी में ही कराने को लेकर गुरुवार को कलेक्टर ने एसडीएम, मंडी सचिव, अनाज तिलहन व्यापार कल्याण संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी सहित समिति के पदाधिकारियों को बुलाया।

अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने मांग रखी की व्यापारियों को 20 वाय 60 और 20 वाय 80 के प्लाट दिए जा रहे हैं, लेकिन कम से कम 40 वाय 80 का प्लाट दिया जाए। मंडी में व्यापारियों की संख्या करीब 300 है। मंडी में वर्तमान में आवक बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इसलिए पहले से प्रस्तावित 50 एकड़ जमीन अधिग्रहण विस्तार हो। अन्यथा व्यापारियों को बहुत असुविधा होगी। कलेक्टर ने व्यापारियों की बात को भोपाल संभागायुक्त के सामने रखने और कृषि मंत्री तक पहुंचने की बात कही है। नई कृषि उपज मंडी में 50 एकड़ भूमि अधिग्रहण करने की मांग पिछले 5 सालों से की जा रही है।



**विदिशा।** मंडी शिफ्टिंग को लेकर व्यापारियों से चर्चा करते कलेक्टर वैद्य।

## मथुरा गया था परिवार, घर से कीमती सामान हुआ चोरी



**विदिशा।** जांच करती एफएसएल की टीम।



- घर से सोने चांदी के जेवर सहित नगदी चोरी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

बुधवार को शंकरनगर में वीरेंद्र राजपूत के घर चोरी हो गई। वह अपनी पत्नी के साथ मथुरा गए हुए थे। गुरुवार को जब घर वापस लौटे तो घर का सामान बिखरा मिला। घर से कीमती सामान गायब था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और बारीकी से जांच पड़ताल शुरू की ताकि चोरों का कोई सुराग मिल सके। बताया गया कि डॉग घटना स्थल से कुछ दूरी पर बनी एक झोपड़ी तक पहुंचा पर वहां कोई नहीं मिला। पुलिस अब वहां रहने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है। वीरेंद्र राजपूत ने बताया कि ने बताया कि मैं अपने परिवार के साथ मथुरा गया था। आज ही वापस घर पर आए तब उन्होंने देखा कि घर का समान बिखरा पड़ा हुआ था, तो उन्हें चोरी का एहसास हुआ। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। उनका कहना है कि चोर घर में रखे सोने चांदी के जेवर सहित कुछ नकद रुपए ले गए।

### वार्ड 18 के रहवासी जलभराव की समस्या लेकर डीएम के पास पहुंचे

**विदिशा।** गुरुवार को के तलैया मोहल्ला वार्ड 18 की गली नंबर 5 में रहने वाले रहवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि इस गली में 12 महीने बिना बारिश के ही नाली का गंदा पानी सड़क पर भरा रहता है। इस संबंध में पार्षद और नगरपालिका सीएमओ को भी कई बार सूचना दी गई। ज्ञापन दिया गया लेकिन समस्या का हल नहीं निकला। रहवासी संतोष कुशवाह, सुशीला बाई सहित कई लोगों ने समस्या का जल्द हल करने की मांग कलेक्टर से की है।

## पॉलीथिन बंद करने की मांग कर अनशन पर बैठा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पॉलीथिन खाने से एक गाय की मौत के बाद गुरुवार को टीलाखेड़ी निवासी युवक सचिन भार्गव भूख हड़ताल पर बैठ गया। उसने बुधवार को एक गाय को पॉलीथिन खाने के बाद तड़प-तड़प कर दम तोड़ते हुए देखा। जिसके बाद सचिन ने संकल्प लिया कि गायों के लिए आंदोलन छेड़ेंगे। गुरुवार को उन्होंने नीमताल पर अनिश्चितकालीन अनशन प्रारंभ किया है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक वह सिर्फ पानी पीकर अपना अनशन जारी रखेंगे। सचिन ने बताया कि उन्होंने इस अनशन के लिए तीन मांगे रखी हैं, जिसमें गायों को राष्ट्रीय पशु घोषित करने, पॉलीथिन बैन करने और गौ हत्या करने वालों को फांसी दिए जाने का प्रावधान कानून में किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि कुछ लोग जानबूझकर पॉलीथिन में जहरीली चीज रखकर या कांच रखकर गाय को खिलाते हैं। मांगें पूरी न होने तक अनशन जारी रखने की बात युवक ने कही है।




#### बारिश के कारण सोयाबीन और धान की फसल में होगी ग्रोथ

# सप्ताहभर बाद हुई तेज बारिश से किसान खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गुरुवार को नगर सहित क्षेत्र में तेज बारिश हुई। इस बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली। इस बरसात से फसलों को ग्रोथ करने में मदद मिलेगी साथ ही अब खेतों में कीटनाशक का छिड़काव भी किया जा सकेगा।

सोयाबीन की बोवनी हुए लगभग एक माह हो चुका है, लेकिन पिछले दो सप्ताह से क्षेत्र में बारिश नहीं हुई थी। इसके कारण खरीफ की फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा था। सोयाबीन की फसलों में कचरा स्पष्ट दिखाई देने लगा था और खेतों में जब तक नमी नहीं होने की वजह से किसान कीटनाशक दवाई नहीं डाल पा रहे थे। लगभग दो सप्ताह बाद गुरुवार को ही इस बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। पठारी क्षेत्र में पहली बार धान का रकबा ज्यादा है। बारिश से फायदा धान की फसल को होगा।



**विदिशा।** सप्ताह भर बाद हुई बारिश के कारण नगर की कई सड़कें पानी से लबालब हो गईं, कई रास्ते भी बंद हुई।

### उमस भरी गर्मी से हो रही थी परेशान

बारिश नहीं होने के कारण उमस भरी गर्मी और तेज धूप के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भले ही प्रदेश की औसत वर्षा के आंकड़े कुछ भी कह रहे हो लेकिन विदिशा जिले में अभी तक पर्याप्त बारिश नहीं होने से लोगों में चिंता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। किसानों ने बताया कि बारिश होने के कारण अब खेतों में कचरा समाप्त करने की दवाई डालने का कार्य तेजी से प्रारंभ होगा। वहीं धान की ग्रोथ भी तेज से होने लगेगी।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2727
उच्चतम भाव-3820
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2462
उच्चतम भाव-2905
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2511
उच्चतम भाव- 2549
चना
न्यूनतम भाव- 5000
उच्चतम भाव- 6765
मसूर
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-6580
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4412
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-6200
सरसों
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-5800
उड़द
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-7860
मूंग
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-7880
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-2845
अलसी
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5000
बटरी
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-6600
ज्वार
न्यूनतम भाव-1550
उच्चतम भाव-2800
कलोंजी
न्यूनतम भाव-13000
उच्चतम भाव-13000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 10082 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाई

**गंजबासौदा।** गत दिवस तिरंगा चौराहा स्थित एक अनाज दुकान पर काम करने वाले 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगा ली। देहात पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिरंगा चौक स्थित अनाज व्यापारी नदीम खान मोहर्रम के कारण गत दिवस दुकान पर नहीं थे। इस बीच सुबह देरखी निवासी 23 वर्षीय रहीस प्रतिदिन की तरह काम पर आने के बाद गोदाम में चला गया था। वहां जाकर उसने रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार उसका घर में विवाद चल रहा था। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### नपा ने कराई मुनादी

**गंजबासौदा।** नगर पालिका सीएमओ ने विज्ञप्ति जारी कर बताया की वाटर वर्क्स फ़िल्टर प्लांट पर ट्रांसफार्मर मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। इसलिए गुरुवार को शाम की जल सप्लाई एवं शुक्रवार को प्रातः की जल सप्लाई नहीं की जा सकेगी। नपा ने नागरिकों एवं जल उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे पानी का स्टाक बनाकर रखे एवं नगर पालिका को सहयोग प्रदान करें।यहां उल्लेखनीय है कि वाटर वर्क्स की मोटर खराब होने से कई वार्डों में बुधवार की शाम और गुरूवार की सुबह भी जलप्रदाय बाधित रहा है।

### भक्तों के साथ नगर भ्रमण कर पहुंचे अपने घर नौलखी आश्रम

# बरसते पानी में मौसी के घर से विदा हुए भगवान जगन्नाथ स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





रथयात्रा के 12 दिन बाद गुरुवार को महाप्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र जी के साथ बरसते हुए पानी में गाजे बाजे के साथ भक्तों के संग अपने धाम बेतवा घाट स्थित नौलखी आश्रम के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पहले मंदिर में स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में विराजमान महाप्रभु ने दोपहर को मोहन भोग के साथ गिलकी की सब्जी, बूंदी, सेव, रायता और पूड़ी की प्रसादी भक्तों के साथ ग्रहण की। मंदिर में 12 दिन से चल रहे रथ यात्रा महोत्सव के उत्सव का समापन गुरुवार को भगवान की विदा होते ही पूरा हो गया। रथ यात्रा उत्सव के चलते नौलखी मंदिर में प्रतिदिन भगवान जगन्नाथ की कथा के साथ-साथ नगर के अलावा अन्य जिलों की मंडलियों ने भी भगवान को भजन के साथ राग सेवा समर्पित की।

मालूम हो कि नगर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन सिद्ध संत बाबा बैकुंठवासी जगन्नाथ दास महाराज के द्वारा शुरू किया गया था। करीब 100 साल से यह परंपरा निरंतर जारी है। बेतवा घाट स्थित नौलखी आश्रम पर विराजमान महाप्रभु जगन्नाथ हर वर्ष रथ यात्रा के समय नगर का भ्रमण करते हुए स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर पर अपनी मौसी के यहां भक्तों को दर्शन देने के लिए 12 दिनों तक विराजमान रहते हैं। रथ यात्रा के दिन से ही मंदिर में प्रतिदिन उत्सव का आयोजन चल रहा है। भक्तों द्वारा जहां महाप्रभु को भोग लगाया जा रहा था तो वही भजन संगीत के माध्यम से उनको राग सेवा अर्पित की जा रही थी। जो नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज द्वारा प्रतिदिन भगवान जगन्नाथ की कथा का श्रवण भक्तों को कराया जा रहा था। महाप्रभु का रथ मंदिर से रवाना होने के बाद नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बेतवा घाट स्थित आश्रम पहुंचा। जहां रास्ते में जगह जगह श्रद्धालुओं ने महाप्रभु की आरती उतारी। रथ नगर के प्रमुख चौराहों से होते हुए हनुमान चौक पहुंचा जहां बरसों से चली आ रही परंपरा का निर्वाहन करते हुए कुछ समय के लिए रथ का विश्राम मिठाई विक्रेता मनोज अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर हुआ। यहां महाप्रभु को मलाई पूड़ी का भोग अर्पित किया गया। उसके बाद रथ के साथ चल रहे भक्तों के बीच मलाई पुरी की प्रसादी बांटी गई। अग्रवाल ने बताया कि उनके स्वर्गीय पिताजी के समय से रथ को आने और जाने के दौरान कुछ समय के लिए उनके यहां विश्राम कराया जाता है।

## बारिश के लिए अनुष्ठान कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बर्रीघाट मार्ग स्थित यमराज धाम पर अच्छी बारिश के लिए अनुष्ठान कराया गया। संस्थापक दीपक तिवारी ने बताया कि संपूर्ण क्षेत्र में अच्छी बारिश के लिए यमराज धाम पर भक्तों द्वारा विशेष आराधना कर रहार की आहुतियां दी गई, बुधवार का दिन भगवान श्री गणेश और यमराज का है। इस दिन यमराज की आराधना करने से मनोकामना पूर्ण होती है। क्षेत्र में अमन, चैन ,शांति रहे तथा अच्छी बारिश हो जिससे कि फसल अच्छी हो एवं जल है तो जीवन है जो पौधे लगाए जा रहे हैं उनके लिए भी जल की आवश्यकता है। पूर्व में बारिश के लिए प्रार्थना की गई और बारिश हुई। जब यमराज की स्थापना हुई थी तब भी क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा हुई थी और यमराज ने रक्षा की थी।

### सफाई कामगारों को आज नपाध्यक्ष वितरित करेंगी रैनकोट

**गंजबासौदा।** नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, स्वास्थ्य समिति सभापति रिचा संजय भावसार एवं सीएमओ जयंत वर्मा के निर्देश अनुसार गुरूवार को शाम 5 बजे नपा कार्यालय में सफाई कर्मियों को रैनकोट वितरण किया जाएगा। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में सफाई कर्मी सुबह और शाम को नियमित सफाई करते हैं। ऐसे में बारिश में उन्हें दिक्कत न हो इसलिए नपा द्वारा नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के हाथों रैनकोट वितरण किया जा रहा है। नपा सीएमओ ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे सभी सफाई कामगारों के निर्धारित समय पर नपा कार्यालय में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

# मानसून की बदली चाल, नगर और आसपास हुई अच्छी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





गुरुवार को नगर सहित इलाके भर में रह रहकर बूंदाबांदी और तेज बारिश का दौर जारी रहा। खबर लिखे जाने तक भी आसमान पर गहरी घटाएं छाई हैं और बूंदाबांदी के साथ बौछारें पड रही हैं। माना जा रहा है कि रात में इन बादलों से अच्छी बारिश हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से मौसम की बेरूखी के चलते किसानों को काफी चिंता और परेशानी हो रही थी। बारिश न होने से किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं, वहीं सोयाबीन एवं अन्य फसलों में भी कीट व्याधि बढ रही है। बारिश के अभाव में किसान फसलों में पोषक एवं कीटनाशकों का भी छिडकाव नहीं कर पा रहे थे। जिससे सभी चिंतित थे। उधर गत दिवस से मौसम के तेवर बदलने से सभी को राहत मिली। गुरुवार को दोपहर बाद नगर सहित आसपास के क्षेत्र में कुछ समय तक अच्छी बौछारें पडीं जबकि उदयपुर सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्र में भी करीब घंटे भर तक अच्छी बारिश हुई। इसके बाद शाम को एक बार फिर आसमान पर गहरी घटाएं छा गईं और उनसे रह रहकर बौछारें पडती रहीं। जबकि खबर लिखे जाने तक तेज गरज चमक के साथ बौछारें जारी रहीं। इन बादलों से रात में भी लोग अच्छी बारिश की उम्मीद कर रहे हैं। उधर पिछले दो तीन दिनों में कुछ गांवों या क्षेत्रों में खंडवृष्टि के रूप में काफी अच्छी बारिश होने से धान के लिए बनाए गए गढे पानी से लबालब हो गए हैं और अब उनमें किसानों द्वारा धान की पौध की रोपाई शुरू कर दी गई है। ग्राम फूफेर के किसान तेज प्रताप सिंह ने बताया कि इलाके में अनेक किसानों ने धान की रोपाई के लिए पौध एवं खेतों को तैयार कर लिया था। लेकिन समय पर अच्छी बारिश न होने से कई किसान मायूस और चिंतित हो रहे हैं। संयोग से उनके गांव एवं आसपास के क्षेत्र में पिछले दो तीन दिनों में अच्छी बारिश हो गई है। जिससे उन्होंने और अन्य किसानों ने अपने खेतों में धान की पौध की रोपाई शुरू कर दी है। तेजप्रताप ने बताया कि भले ही धान के लिए मानसून की अच्छी बारिश नहीं हो रही है, लेकिन रूक रूककर हो रही बारिश से सोयाबीन एवं उडद की फसल को काफी लाभ हो रहा है। वहीं अन्य गांवों के किसान अब भी अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं और धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी 21 जुलाई तक सामान्य बारिश और उसके बाद इलाके में मानसून की अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। हालांकि अच्छी बारिश के बावजूद तापमान में गिरावट के कोई संकेत नहीं हैं।

## बारिश के कारण उखड़ गया पेड़

**गंजबासौदा।** नगर के क्लब पार्क में स्थित पुरातत्व विभाग के संग्रहालय के समीप लगा वृक्ष गत दिवस बारिश एवं तेज हवा के कारण अपनी जड से उखड गया और संग्रहालय भवन के पास टेढा हो गया। संयोग से वृक्ष संग्रहालय भवन पर धराशायी नहीं हुआ नहीं तो भवन की दीवारें छत आदि क्षतिग्रस्त हो सकते थे। अब जडों से उखड रहे इस वृक्ष के कभी भी पूरी तरह धराशायी होने का डर बना हुआ है। नगर के पुरातत्व प्रेमियों एवं जागरूक नागरिकों ने पुरातत्व विभाग, प्रशासन एवं नपा प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही जडों से उखड रहे इस वृक्ष की छंटाई कराई जाए। जिससे संभावित किसी दुर्घटना को टाला जा सके।





### दो ग्राम पंचायतों में शासकीय उचित मूल्य दुकान खोलने आवेदन आमंत्रित

**गंजबासौदा।** दुकान विहीन ग्राम पंचायतों में उचित मूल्य दुकान खोलने के निर्देशों के परिपालन में पूर्व निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की शेष दुकान विहीन ग्राम पंचायतों एवं अधिक पात्र परिवारों वाली ग्राम पंचायतों में उचित मूल्य दुकानें खोली जाना है। जिले में उपलब्ध जानकारी के अनुसार सभी पंचायतों में उचित मूल्य दुकान खोली गई हैं। अनुविभागीय अधिकारी गंजबासौदा के द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भिदवासन को आवंटित शासकीय उचित मूल्य दुकान भिदवासन एवं मासेर (संस्था एवं विक्रेता द्वारा दुकान संचालन में असमर्थता व्यक्त किये जाने से) निरस्त की गई थीं। अतः पुनः विकासखण्ड गंजबासौदा में रिक्त 2 ग्राम पंचायतों भिदवासन एवं मासेर मे नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान खोली जाना हैं। इस प्रकार रिक्त कुल दो उचित मूल्य दुकान गंजबासौदा ग्राम पंचायत भिदवासन एवं मासेर में नवीन संस्था या समूह को दुकान आवंटन की कार्रवाई हेतु 30 जुलाई 2024 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन हेतु वेबसाइट **www.rationmitra.nic.in** पर पात्र संस्थाओं द्वारा आवेदन किया जा सकता है। उचित मूल्य दुकान आवंटन हेतु जो संस्थाए, समूह या समिति पात्र हैं उनमें मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 10 की उपधारा (1) के अंतर्गत वर्गीकृत उपभोक्ता सोसायटी, विपणन सोसायटी, उत्पादक सोसायटी, बहुप्रयोजन सोसायटी, महिला स्व-सहायता समूह, संयुक्त वन प्रबंधन समिति शामिल हैं। उपरोक्तानुसार पात्र संस्थाएं प्रत्येक शासकीय उचित मूल्य दुकान पर पृथक विक्रेता की शर्त पर दुकान आवंटन हेतु निर्धारित समय-सीमा तक ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं।



**गंजबासौदा।** मोहर्रम के मौके पर बीती देर रात तक सवारियों के सफर का सिलसिला चलता रहा।

### हरिहर धाम में होंगे अनेक आयोजन

**गंज बासौदा।** ग्राम विशकावली मे बने वृद्ध आश्रम हरिहर धाम मंदिर मे 22 जुलाई से श्रावण मास प्रारंभ होने पर माह भर शिव पार्थिव शिवलिंग का निमार्ण किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन भगवान शिव की पूजा अर्चना, अभिषेक और माँ राधा रानी जगतजननी परमेश्वर की आराधना की जाएगी। इसमे हर दिन का एक यजमान पूजा करेंगे। इस प्रकार सावन मास के 30 दिनों के अलग अलग 30 यजमान होंगे। राजकुमारी हरीसिंह सिकरवार कक्का एवं समस्त सिकरवार परिवार ने धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होंने की अपील की है।

### उत्कृष्ट विद्यालय में वायु सैनिक चयन कार्यशाला का आयोजन

# अग्निवीर से संबंधित सेमिनार का स्कूलों में किया गया आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अग्निवीर (वायुसेना) संबंधित सेमिनार का आयोजन नगर के 10 स्कूलों में किया गया। जिसमें स्कॉलर पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, भारत माता कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या मंडी शाला में भारतीय वायु सेना के अधिकारियों द्वारा अग्नि वीर से संबंधित एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में बच्चों के बीच भारतीय वायु सेना में रोजगार से संबंधित जानकारियां साझा की गई। भारतीय वायु सेना में कार्यरत भोपाल में पदस्थ सार्जेंट राजीव कुमार द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बच्चों को वायु सेना का महत्व एवं अग्नि वीर योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सार्जेंट एके सिंह, पूर्व सार्जेंट मुकेश खन्ना और पूर्व बाल कल्याण समिति सदस्य हजारीलाल पाटस्कर ने भी योगदान दिया। सभी बच्चों ने सेमिनार के पश्चात पूछी गई प्रश्नोत्तरी में बढ़कर हिस्सा लिया और पुरस्कार भी जीते।

कार्यक्रम के अंत में एसडीएम विजय राय ने भोपाल से आए वायुसेना अधिकारियों का आभार व्यक्त किया एवं आने वाले समय में भी इस प्रकार के आयोजन करने का अनुरोध किया। साथ ही सभी बच्चों से 8 से 28 जुलाई तक वायु सेना में भर्ती के लिए पंजीयन के लिए कहा। वहीं उत्कृष्ट विद्यालय में वायु सैनिक चयन कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय में 15 वायु सैनिक परीक्षा चयन केंद्र से आए हुए सार्जेंट राजीव, सार्जेंट एके सिंह एवं पूर्व सार्जेंट मुकेश खन्ना की उपस्थिति में वायु सैनिक अग्नि वीर योजना अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए आवेदन प्रक्रिया की जानकारी एवं चयन प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त अतिथियों के साथ प्राचार्य एमसी शर्मा, 15 एमपी बटालियन एनसीसी के फर्स्ट ऑफिसर अनिल दुबे, एमपी नेवल यूनिट एनसीसी सेकंड ऑफिसर प्रशांत श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की पूजन कर किया। तत्पश्चात सार्जेंट राजीव के द्वारा वायु सैनिक अग्नि वीर योजना के लिए पात्रता संबंधी समस्त जानकारियां, लिखित परीक्षा के संबंध में जानकारी, फिजिकल टेस्ट के संबंध में समस्त जानकारी एवं अग्नि वीर सेवा के दौरान प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया। पूर्व सार्जेंट मुकेश खन्ना ने वायु सेना के बारे में विस्तार से जानकारी देकर छात्रों को सेना के शौर्य से अवगत कराया। कार्यशाला में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जवाब देने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्राचार्य एमसी शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# बच्चे के पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





गत दिवस नगर में बच्चा चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक नाबालिक को पकड़ा था। इस मामले में पुलिस ने बच्चे के पिता की रिपोर्ट पर नाबालिग के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे किशोर न्यायालय में पेश किया है।

ज्ञात हो कि गत दिवस वार्ड क्रमांक 3 नई बस्ती निवासी मुकेश शर्मा का डेढ वर्षीय पुत्र दोपहर में घर के बाहर खेल रहा था। जिसे एक अज्ञात किशोरी उठा ले गई थी। यह पूरी घटना सीसी टीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई थी। इसके बाद परिजनों की तलाश में रेलवे स्टेशन पर किशोरी बच्चे सहित पकड ली गई थी। इस घटना के बाद से ही पुलिस किशोरी, उसकी मां और बहन से पूछताछ कर रही थी। इस दौरान विदिशा से सोशल वेलफेयर आर्गेनाइजेशन की टीम भी आ गई थी। एसडीओपी मनोज मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने फरियादी मुकेश शर्मा की रिपोर्ट पर धारा 137(2) BNS के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था और अबोध बालक को परिजनों को सुपुर्द कर उपरोक्त किशोरी से पूछताछ उपरान्त उसे किशोर न्याय इकाई विदिशा पेश किया जा रहा है। तथा इस प्रकरण में आवश्यक कार्रवाई के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन तथा सीडब्लूसी को भी सूचित किया गया है। उक्त सराहनीय कार्य में सिटी थाना प्रभारी संजीव कुमार चौकसे, लक्ष्मण डाबर, बिनीता छिब्बर, दीपेश यादव, अभिषेक मोर्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उल्लेखनीय है कि नगर में नाबालिगों के गायब होने की घटनाएं आए दिन होती रहती हैं,लेकिन अधिकांश मामलों में बच्चे स्वयं ही रास्ता भटककर लापता होना पाए गए हैं, लेकिन यह पहला मामला है जिसमें बच्चा चोरी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पत्रकारिता की उपाधि मिलने पर कासिम को दी बधाई

**सिरोंज।** पत्रकार महासंघ के साथी पत्रकार कासिम खान को बैचलर ऑफ जर्नलिज्म पत्रकारिता में



स्नातक की डिग्री मिलने पर सिरोंज पत्रकार महासंघ के सदस्यों ने कासिम खान का फूलमाला पहनाकर बधाई दी। इस अवसर पर बधाई देने वालो में पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी, नसीम खान, सलमान खान, तोषमणी पंथी, वसीम अख्तर, शैलेन्द्र रघुवंशी, रजी खान, अब्दुल अलीम, इरफान मंसूरी, अरबाज खान, नरेन्द्र बडसेना, सुनील नगीना, बब्लू यादव, तबरेज आलम,चेतन पंथी आदि मौजूद रहे।

### मदरसा बोर्ड के परीक्षा आवेदन 25 जुलाई तक

**सागर।** मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकंडरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे गये थे अब बोर्ड ने नियत आवेदन तिथि को बढ़ाया है और बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन-पत्र 25 जुलाई तक भरे जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि-सुधार की तिथि अब 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

### मछली के साथ झींगा पालन को बढ़ावा देने पर जोर

**सागर।** मछली पालन के साथ झींगा पालन को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। झींगा पालन से रोजगार के साथ लोगों की आय में भी वृद्धि होगी। झींगा पकड़ने के लिए 35 रुपए प्रति किलो मिलने वाली मजदूरी को बढ़ाकर अब 50 रूपये किया जाएगा। इससे झींगा व्यवसाय से जुड़े मजदूरों को लाभ पहुँचेगा। झींगा पालन को बढ़ावा देने के साथ ही योजना में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने और योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। मछुआ समाज के लिये चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचे।

### जनपद पंचायत कार्यालय में महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन


# महिला सरंपचों को मास्टर ट्रेनर ने दी उनके अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

गुरूवार को जनपद पंचायत कार्यालय हॉल में दो दिवसीय महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर शिखा जैन द्वारा महिला सरंपचों को उनके अधिकार के बारे में बताया।

वही उन्होने कहा कि महिला आरक्षण के बाद महिलाए सरपंच तो बन गई लेकिन उन्हें अपने अधिकार नहीं मिल पाए। इस को बढ़ावा देने के लिए शासन द्वारा महिलाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। वैसे तो सरपंच महिलाएं जीतकर आ जाती हैं लेकिन उन्हें अपने अधिकार के बारे में पता ही नहीं रहता कि उनके क्या कार्य हैं उनके सारे कार्य उनके पति या बेटा या और रिश्तेदार देखते हैं लेकिन महिला हित में दिए जा रहें प्रशिक्षण में महिला सरपंचों को अपने अधिकार के बारे में बताया गया। जिसमें सरपंच महिला को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर शिखा जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि हर पंचायत को महिला एवं बाल हितेषी पंचायत कैसे बनाएं जैसे महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार न हो महिलाओं का टीकाकरण किस तरह से हो किस तरह महिलाओं को गांव की हर योजना का लाभ मिले और व किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रहे। हर महिलाओं को महिला सरंपचों से उनकी समस्या का हल मिलें। ताकि महिलाओं के प्रति विश्वास और बड़े क्योंकि महिलाएं महिलाओं को अच्छी तरह समझ पाती है। वही इस कार्यक्रम में एक अलग ही नजारा देखने को मिला। अधिकतर देखा गया है कि कोई भी कार्यक्रम हो उक्त कार्यक्रम में अधिकारी या फिर जनप्रतिनिधि ही दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत करते है। लेकिन इस कार्यक्रम में जनपद सीईओ ने मास्टर ट्रेनर व कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। साथ ही महिला संरपचों ने एक दूसरे को अपना अपना परिचय दिया। इसी बीच महिलाओं सरपंचो के पति भी कार्यक्रम में पहुचें लेकिन कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति नही मिली। इस मौके पर लगभग 35 महिलाओं ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया।

**मास्टर ट्रेनर शिखा जैन ने महिला सरपंचों को कई जानकारियों दी**



### ग्रामीणों ने यात्रियों को दी विदाई

## श्रद्धालुओं का जत्था 45 दिन की तीर्थ यात्रा पर हुआ रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ग्राम पामाखेड़ी, हरिपुर, कर्राखेड़ी, समदपुर, गरेंठा आदि ग्रामों से करीब 50 तीर्थ यात्रियों का दल बुधवार को तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ। यह तीर्थ यात्री जगगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम, द्वारकापुरी, कामाख्या देवी सहित 18 शक्तिपीठ सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, भीमाशंकर, विश्वेश्वर (विश्वनाथ), त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वर, घुष्मेश्वर (घृष्णेश्वर) ज्योतिर्लिंग, मथुरापुरी, अयोध्यापुरी, द्वारकापुरी, काशी, उज्जैन, कन्याकुमारी, हिंदमहासगर, अरब और बंगाल तीनों समुंद्री का संगम स्नान अन्य मुख्य भारतीय तीर्थ 12 राज्यों और नेपाल की यात्रा करके 45 दिनों बाद वापस अपने अपने नगर और क्षेत्र के लिए लौटेंगे। इस अवसर पर तीर्थ यात्रियों को ग्रामीण जनों ने फूलमाला पहनाकर तिलक लगाकर सम्मान कर सभी तीर्थ यात्रियों को यात्रा के लिए रवाना किया। तीर्थ यात्रियों ने यात्रा में जाने के पूर्व ढोल नगाड़े के साथ नगर मंदिर जाकर पुजा अर्चना की। इसके बाद तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए।

### केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

## दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय मंत्री सिंधिया को बताईं समस्याएं



**सिरोंज।** सिंधिया फैंस क्लब के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के दिल्ली स्थित निवास पर पहुचकर सौजन्य भेंट कर आर्शीवाद प्राप्त किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने दूर संसार क्षेत्र विदिशा जिले की अनेक समस्याओं के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आश्वासन देते हुए कहा कि विदिशा जिले की जो भी समस्या है उनका जल्द ही समाधान किया जाएगा।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री असलम शेर 20 को आएंगे

**सिरोंज।** पूर्व केंद्रिय मंत्री एवं 1975 के भारतीय हॉकी विश्व विजेता टीम वर्ल्ड कप के सदस्य रहे असलम



शेर खान सिरोंज के सुहाग गार्डन मे इंडियन वोटर क्लब सिरोंज जिला विदिशा के प्रोग्राम मे मुख्य अतिथि के रूप मे 20 जुलाई को सुबह 11 बजे आ रहे है। इंडियन वोटर क्लब के जिला अध्यक्ष जफ़र खान ने बताया कि असलम शेर खान हमारे इस प्रोग्राम मे उपस्थित होकर इंडियन वोटर क्लब के सदस्यों एवं कार्यक्रम में उपस्थित नागरिको को संबोधित करेगें।

### चातुर्मास में सृष्टि का संचालन भगवान शिव करते हैं

## मदन मोहन सरकार के दरबार में मनी देवशयनी एकादशी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के प्रसिद्ध श्री देवाधिदेव मदन मोहन सरकार के सिद्ध चैतन्य दरबार में बुधवार को देवशयनी एकादशी धूमधाम से मनाई गई। देवशयनी एकादशी का यह दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। धार्मिक मान्यता है कि इस व्रत के पुण्य-प्रताप से जातक को सभी तरह के सुखों की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवशयनी एकादशी के दिन सच्चे मन से भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने से साधक को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है।

शास्त्रों के अनुसार इस एकादशी से श्री हरि क्षीर सागर में विश्राम करने चले जाते हैं और कार्तिक माह में पड़ने वाली देवउठनी एकादशी पर जागृत होते हैं। चातुर्मास में सृष्टि का संचालन भगवान शिव करते हैं। इस अवधि को चातुर्मास कहा जाता है। चातुर्मास के दौरान मुंडन, विवाह, गृह-प्रवेश, भूमि पूजन समेत आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर बडी संख्या में भक्त गणों ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। वहीं सरकार को साबूदाना खिचड़ी, मगध, मावा, मलाई बर्फी, तांबूल, फल, मेवा,र बड़ी, बर्फी, आमरास, सिंघाड़े की नुक्ति, श्रीफ़ाल का पानी भोग लगाया गया।



## शांतिपूर्वक तरीके से मोहर्रम का मातमी त्योहार हुआ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

ताजियों के साथ नगर के विभिन्न हिस्सो एवं ग्रामों से ढोल बाजों के साथ बुधवार को जलूस निकाले गए। सभी ताजिया बुधवार और गुरूवार को बड़ा बाजार स्थित मैदान में रखे रहे। जहां साम्प्रदायिक सदभाव का नजारा बना रहा। दो दिनों तक ताजियों के सामने हिन्दू समाज के लोग लोभान की धूनी छोडने के साथ रेबडी का प्रसाद चढाते रहे। गुरूवार को मातमी जुलूस के साथ ताजियों को नदी में ठंडा किया गया। नबावी शासन काल से नगर में दो दिन मोहर्रम का त्योहार मनाने की परंपरा बनी हुई है। एक दिन ताजिया और बुर्राके निकाल कर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा समय-समय पर अखाड़ा खेला जाता है।

रात भर बड़ा बाजार में ताजियों रखे रहने के बाद दूसरे दिन दोपहर बाद ताजियों के साथ हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए गमगीन माहौल में ताजियों को ठंडा करने जलूस निकाला गया। मोर्हरम के मातमी त्योहार में पुरूषों के साथ महिलाओं, युवाओं की खासी भागीदारी बनी रही।

## नगर को सुंदर व स्वच्छ बनाने की दिलाई शपथ नपं. प्रांगण में किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगरपंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने बुधवार को नपं. प्रांगण में पौधरोपण किया। सामुदायिक भवन में संगीतमयी सुंदरकांड के पाठ के आयोजन में भारी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी, पत्रकारगण, नपं. के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

नपं. कार्यालय में अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने नपं. के कर्मचारियों, पार्षदों को नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर चौधरी ने कहा कि नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने की हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी से सहयोग का आग्रह किया, कहा कि सारे प्रयासों के बाद भी हम पीछे है। स्वच्छता में नं. वन के लिए सभी के सहयोग की जरूरत है। नपं. प्रांगण में एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधेरोपण किया गया। जिसमें पार्षदों के साथ नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, नपं. के अधिकारियों, कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।

रात्रि में नाहर कालोनी स्थित सामुदायिक भवन में संगीतमयी सुंदर कांड का पाठ हुआ। नपं. अध्यक्ष चौधरी ने भाजपा नेता हरनाम सिंह राजपूत, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ,नपं. के पार्षदों, गणमान्य नागरिक, पत्रकार व व्यापारी मौजूद हरे। चौधरी ने टीम पहल आश्रम पहुंच कर वृद्धों को भोजन भी कराया गया।

### चार कचरा वाहन नपं. की सफाई बेड़े में शामिल



**बरेली।** वर्षो से नगर के 15 वार्डो में घरों से कचरा एकत्रित करने कचरा वाहन सुबह से घूमते रहते हैं। जिस तेजी से नगर का विस्तार हुआ। उसमें कचरा उठाने वाले वाहनों की कमी महसूस की जा रही थी। नपं. द्वारा 4 नए कचरा वाहन खरीदे गए जिनमें तीन चार पहिया कचरा वाहन और एक तीन पहिया इलेक्ट्रिक रिक्शा वाहन का नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी द्वारा पूजन कर नगर की साफ सफाई बेडे में सम्मिलित किया गया। नये चार कचरा उठाने वाले वाहन आ जाने से नगर के विभिन्न हिस्सो में साफ सफाई कचरा उठाने की व्यवस्था में सहूलियत और गति आएगी। इस अवसर पर नपं. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, नपं. के पार्षदों, नपं. के अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही। चौधरी ने कहा कि नगर को साफ स्व'छ और सुंदर बनाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी से स्व'छता अभियान में सक्रिय सहयोग का आग्रह किया।



### सराफा मंदिर में विराजमान हुए श्री बटकेश्वर महादेव

**गढ़ाकोटा।** अषाढ़ माह के आखिरी मंगलवार को नगर के प्रमुख मंदिर सागर रोड स्थित टेड़िया हनुमान मंदिर पथरिया रोड स्थित बालाजी सरकार हनुमान मंदिर एवं दमोह रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर मे सुबह से ही भक्तो का ताता लगा रहा। हनुमान भक्तो द्वारा मंदिरो मे विशेष अनुष्ठान भी किये गये नगर के प्राचीन टेड़िया हनुमान मंदिर हनुमान चालीसा के भजन कीर्तन किया गया। वही नगर के मुख्य सराफा बाजार स्थित श्री देव द्वारकाधीश सराफा मंदिर में श्री बटकेश्वर महादेव का मंदिर निर्माण के साथ प्राण प्रतिष्ठा स्व लक्ष्मी प्रसाद (नाथूराम जी)सोनी कि स्मृति में धर्म पत्नी सुधा रानी सोनी एवं उनके पुत्रों संजय, सचेन्द, संदीप द्वारा करवाया गया। प्राण प्रतिष्ठाचार्य धर्माचार्य पं पुष्पेन्द्र उपस्थित रहे। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे के साथ थाना स्टाफ व सोनी समाज के लोग प्रमुख रूप उपस्थित थे।

### प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**सागर।** हाथकरघा क्षेत्र के उत्कृष्ट एवं परम्परागत संस्कति के संरक्षण करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित करने के लिए कबीर बुनकर प्रोत्साहन योजनान्तर्गत बुनकरों द्वारा स्वयं उत्पादित उत्कृष्ट प्रविष्टिया जिलें के बुनकरों से हाथकरघा कार्यालय, 29 जुलाई सायं 6 बजे तक स्वीकार की जावेगी।

### मंत्री पटेल ने किया खरीदी केंद्र का निरीक्षण, गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज, कार्रवाई के निर्देश

## मूंग की खरीदी में तौल की गड़बड़ी, रुपयों की मांग की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

हाल ही में समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद तौल शुरू होने के साथ किसानों द्वारा रायमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल से तौल में गडबडी, रूपयो की मांग की शिकायतें की जाने लगी। राज्यमंत्री पटेल ने स्थानीय अधिकारियों के साथ खरीदी केन्द्रो का दौरा कर अनेक प्रकार की गडबडिया, अनिमितताएं पाए जाने पर फटकार लगाई गई। अधिकारियों को गड़बडिंयां करने वाले संस्था प्रबंधको केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

विधानसभा क्षेत्र के सिलगैना, चंदपुरा मूंग खरीदी केन्द्रो का निरीक्षण किया। खरीद की कच्ची तौल पर्ची दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समिति प्रबंधक को जमकर फटकार लगाई। उदयपुरा क्षेत्र में विजनहाई वेयर हाउस खरीदी केंद्र, देवरी के आस्तिक और कृष्णा वेयर हाउस खरीदी केन्द्रों का भी निरीक्षण किया। मूंग की खरीदी में कही तौल की गड़बड़ी तो कही रुपए मांगने की शिकायतें किसानों द्वारा की जा रही थी।



#### भौड़िया केंद्र पर गड़बड़ी

भौडिया के दिव्या ओमकार वेयर हाउस खरीदी केंद्र पहुंचकर चल रही मूंग की खरीदी का निरीक्षण किया। इस केन्द्र पर ग्राम कैलकच्छ निवासी किसान राम धाकड़ ने बताया कि वह अपने घर से 14 क्विंटल मूंग लेकर आया था। तौल में 13 कु. 50 किलो निकली। इस पर राज्य मंत्री पटेल ने संस्था प्रबंधक को जमकर लताड़ लगाई, नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को एफआईआर कराए जाने के निर्देश दिए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में गडबड़ियां और अनिमित्ताएं करने वालो के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होगी। एसडीएम संतोष मुदगल को कार्रवाई के निर्देश दिए।

#### संपत्तियों की होगी जांच

मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि समिति प्रबंधकों की आय से अधिक संपत्ति की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद कठोर प्रभावी कार्यवाही की बात भी कही। अभी मूंग की खरीद तौल की शुरूआत हुई है। मंत्री पटेल को शिकायते मिली उन्होंने निरीक्षण किया। आने वाले दिनों में खरीद तौल की व्यवस्थाओं में कितना सुधार होता है नजर बनी रहेगी।

## अभा विद्यार्थी परिषद ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया

**कुरवाई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्रशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा उपस्थित रहीं।

नगरमंत्री राज पटेरिया ने बताया की कुरवाई इकाई के समस्त समस्त विद्यालय से 60% से अधिक अंक पाकर पास हुए विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र दिए गए। साथ ही नवीन कार्यकारणी सत्र 2024-2025 की घोषणा हुई। जिसमें नगर अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, महाविद्यालय अध्यक्ष राज पटेरिया, नगर मंत्री वेदांत जैन , नगर उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सोनी एवं नितिन विश्वकर्मा वासु चौबे, नगर सह मंत्री सत्यजय माझी, प्रिंस दांगी, प्रदीप दांगी, अंश अहिरवार , एसएफएस प्रमुख नितिन विश्वकर्मा, श्रुति श्रीवास्तव, मीनाक्षी, चंचल, कीर्ति, संजना, रोशनी, मनीषा, कोश अध्यक्ष कुलदीप राजपूत अमित सप्रे कार्यालय मंत्री यश चौबे लकी यादव , अदीव अली ,शिवम दांगी सिद्धार्थ राजपूत इन को दायित्व दिया गया। कार्यक्रम के बाद अभविप कार्यकर्ता अभिजीत सप्रे के निज निवास पर राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा एवं जिला संयोजक शुभम ठाकुर का स्वागत किया। सौरभ खटीक, राजकुमार ठाकुर उपस्थित रहे।



## सागौन का परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

**सिलवानी।** वन अमले द्वारा बीत एक सप्ताह में आरोपियों से 1 लाख की अवैध सागौन की लकड़ी जब्त की जाकर आरोपियों पर वन अपराध का प्रकरण दर्ज किया गया। गुरुवार को सूचना पर वन परिक्षेत्र अधिकारी के निर्देशन में वन अमले ने नकटी नदी के पास से वाईक पर सागौन की लकडी का अवैध रुप से परिवहन कर रहे 3 आरोपियो को गिरफ्तार किया। इनके पास से 2 नग इमारती सागौन लकड़ी जब्त की गई। जब्त लकड़ी की कीमत करीब 7 हजार रुपए आंकी गई। आरोपियो को गिरफ्तार कर वाइक को भी जब्त किया।

### चिंकी बौरास बैराज संयुक्त बहु उद्देशीय परियोजना का चल रहा कार्य, सीधे डीपी से ले रखा था अवैध बिजली कनेक्शन

# अवैध बिजली कनेक्शन से निकले तार से किसान को लगा करंट, एक की मौके पर मौत, दूसरा घायल

सिलवानी

अवैध रुप से लिए गए बिजली कनेक्षन से निकले तारो की चपेट में आने से 1 किसान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 1 अन्य किसान गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के परिजनो की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार चिंकी बौरास बैराज संयुक्त बहु उद्देशीय परियोजना के तहत क्षेत्र के चिन्हित ग्रामों के किसानों को सिंचाई हेतु पाइप लाइन डाले जाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत तहसील के सिमारिया कला में परियोजना में संलग्न मजदूरो के अस्थाई निवास बने हुए है, इन निवासो के लिए डीपी से सीधे ही बिजली की लाईन डालकर बिजली जलाई जा रही थी, बिजली लाईन के तार पोल से ना जाकर नीचे जमीन पर बिछे हुए थे, गुरुवार को किसान रामभगत पिता बाल किशन अहिरवार अपने एक अन्य साथी विजय पिता स्वरुप सिंह अहिरवार के साथ टेक्टर लेकर खेत पर जा रहा था तभी जमीन पर बिछे बिजली के तार पर से टेक्टर चढ़ा अचानक ही टेक्टर में करंट उतर आया जिसकी चपेट में रामभगत तथा विजय कुमार आ गए,

करंट लगने से रामभगत की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विजय कुमार गंभीर घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद रायसेन रेफर किया तथा मृतक का पीएम सिलवानी में किया।




### लापरवाही का आरोप

मृतक रामभगत के परिजन करण सिंह अहिरवार, मुलिया बाई, घनश्याम ने बताया कि ने बताया चिंकी बौरास बैराज संयुक्त बहु उद्देशीय परियोजना के ठेकेदार द्वारा नीचे जमीन पर बिछाई गई बिजली लाइन में आए करंट की चपेट में आने से रामभगत की मौत हुई है तथा विजय कुमार घायल हुआ है, उन्होंने ठेकेदार पर कार्रवाही की मांग की है।

### अवैध रूप से डाली थी बिजली लाइन

कंपनी के द्वारा विधिवत रुप से बिजली कनेक्षन नही लिया गया था, अवैध रुप से तार डाल कर बिजली जलाई जा रही थी। संबंधितो पर बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

**बीएल शाक्या,** जेई, सिलवानी

### प्रकरण दर्ज किया गया है

मृतक के परिजनो की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**अनिल मौर्य,** एसडीओपी सिलवानी

---

### कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदार सहित सभी राजस्व अधिकारियों से कहा

# राजस्व महाअभियान 2.0 के प्रभावी क्रियांवयन हेतु गंभीरता से करें काम

जिलेभर में आगामी 31 अगस्त तक चलेगा राजस्व महा अभियान 2.0

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महा अभियान - 2.0 संचालित किया जा रहा है। जिसका मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आज राज्य स्तर पर शुभारंभ किया है। जिले में राजस्व महाअभियान 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी लगन और गंभीरता से काम करें। यह निर्देश कलेक्टर अरविंद दुबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अभियान संबंधी बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित सभी राजस्व अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एसडीएम अपने जनप्रतिनिधियों को भी राजस्व अभियान की जानकारी प्रदान करें। एसडीएम, अनुभाग स्तर पर अधीनस्थ कार्यालयीन एवं मैदानी अमले के साथ बैठक करें। साथ ही जनपद सीईओ, सचिव एवं पटवारियों की एक संयुक्त बैठक कर पीएम किसान, ईकेवायसी एवं किसान पंजीयन के संबंध में माइक्रो प्लानिंग कर ली जाए। इसी प्रकार नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अभिलेख दुरूस्ती के संबंध में कार्ययोजना बनाकर प्रतिदिन समीक्षा करते हुए कार्य करें। कोई भी राजस्व अधिकारी, राजस्व अभियान के दौरान इसमें लापरवाही न करे।

**पीएम किसान पोर्टल पर छूटे पात्र किसानों को जोड़ा जाएगा :** कलेक्टर दुबे ने कहा कि राजस्व महा अभियान 2.0 के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान पोर्टल पर छूटे हुए पात्र किसानों को जोड़ना एवं जिससे वास्तविक लोकेशन पर उपस्थित दर्ज होने से कार्य में पारदर्शिता आएगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा, डिप्टी कलेक्टर अल्का सिंह, अधीक्षक भू-अभिलेख सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।




### राजस्व न्यायालयों का करें निरीक्षण

कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वह अपने अनुविभाग के राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण कर लें। अपर कलेक्टर श्वेता पवार को भी राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने कहा वह स्वयं भी राजस्व न्यायालयों का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। इस दौरान किसी भी राजस्व न्यायालयों में यदि पेशी से गिरे और बिना रजिस्टर्ड प्रकरण पाए गए तथा प्रकरणों में पारित आदेश का राजस्व अभिलेख में अमल नहीं पाया गया तो ऐसे राजस्व अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी पटवारियों को भी हल्का ग्रामों में भ्रमण एवं कार्य के लिए निर्देशित किया।

### पारित आदेशों को ऑनलाइन अभिलेख में दर्ज कराने के निर्देश

*कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे सभी राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज किया जाए जो पेशी से उतर गए हैं। सभी राजस्व न्यायालयों के पारित किए आदेशों को ऑनलाईन अभिलेखों में दर्ज किया जाए तथा राजस्व प्रकरणों में अमल किए अभिलेख की प्रति भी संलग्न की जाए। इसी प्रकार 30 जून की स्थिति में समय सीमा पार कर चुके लंबित प्रकरणों को चिन्हित कर उनका निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बंटवारे के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाए तथा 6 माह से अधिक की अवधि के लंबित सभी प्रकार के अभिलेख शुद्धिकरण के प्रकरणों का निराकरण किया जाए। इसके साथ ही ऐसे प्रकरणों में जहां खसरे में बटांकन है किन्तु नक्शे में नहीं है ऐसे प्रकरणों का सर्वोच्च प्राथमिकता के स्तर पर सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरण में एक से अधिक बार खसरा नम्बर की पुनरावृत्ति हुई हो तथा ऐसे प्रकरण जिसमें नक्शे में बटांकन है किन्तु खसरे में नक्शे में बटांकन नहीं है, आवश्यक कार्रवाई की जाए।*

### राजस्व प्रकरणों का समय अवधि में निराकरण करें

*कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए कहा कि नामांतरण के प्रकरणों के निराकरण में रायसेन जिला 72.03 प्रतिशत निराकरण कर प्रदेश में 13वें स्थान पर है। अभी भी 2714 प्रकरण निराकरण से शेष हैं। अविवादित नामांतरण में 30 दिवस की समय सीमा है, अतः सभी तहसीलदार लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। उन्होंने लंबित 802 सीमांकन प्रकरणों को भी ग्रामवार कार्ययोजना बनाकर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही अभिलेख दुरूस्ती के लंबित प्रकरणों का भी निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नक्शा तरमीम के प्रकरणों को निराकृत करने कार्ययोजना पर चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समग्र ई-केवायसी, पीएम किसान ईकेवायसी, स्वामित्व योजना एवं राजस्व वसूली पर भी विस्तार से चर्चा कर निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि रायसेन जिला अभी बी श्रेणी में है, सभी राजस्व अधिकारी ए श्रेणी प्राप्त करने के लिए कार्य करें।*

---

## बालमपुर घाटी पर अनियंत्रित होकर मिट्टी में फंसा मिनी ट्रक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित बालमपुर घाटी पर बुधवार-गुरुवार देर रात्रि 1 एक मिनी ट्रक घाटी उतरते समय खाई तरफ़ अनियंत्रित होते हुए मिट्टी में फंस कर रह गया। गनीमत रही की मिनी ट्रक ने खाई तरफ पलटी नहीं खाई नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना हो जाती। जबकि मिनी ट्रक खाई तरफ काफी झुक गया था गुरुवार सुबह जेसीबी की सहायता से मिनी ट्रक को सीधा खड़ा किया। इसके बाद दूसरे वाहन से उसमें भरे हुए सामान को खाली किया गया, तब जाकर उक्त मिनी ट्रक को बामुश्किल जेसीबी की सहायता से सीधा खड़ा कर मिट्टी से बाहर निकाला गया।

बता दें कि भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 की बालमपुर घाटी पर आए दिन हो रहे हादसों को रोकने के लिए एमपीआरडीसी द्वारा बालमपुर घाटी पर बने हुए रोड को कुछ महीने पहले चौड़ा कर दिया था ताकि सड़क हादसों पर अंकुश लगे और रास्ता स्पष्ट दिखाई दे सके। इसके बावजूद भी हादसे नहीं रुक रहे है।

## तेज रफ्तार ट्राले ने भेड़-बकरियों सहित ऊंट को रौंदा, 50 भेड़-बकरी और तीन ऊंट की हुई मौत

**रायसेन।** बुधवार-गुरुवार रात में एक तेज रफ्तार ट्राले ने 70 भेड़ बकरियों सहित 5 ऊंट को कुचल दिया। जिससे मौके पर ही करीब 50 से ज्यादा भेड़ बकरियां और तीन ऊंट की मौत हो गई। घटना बुधवार-गुरुवार रात 3 बजे भोपाल-जबलपुर हाईवे गांव घोड़ापछाड़ थाना सुल्तानपुर की है। घटना की सूचना मिलते ही सुल्तानपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पशुओं को रोड से हटाया। वहीं ट्रक को जब्त कर थाने लेकर आए। हादसे में भीड़ बकरी और ऊंट मलिक को 10 से 15 लाख का नुकसान होना बताया जा रहा है।

---

# मेंटेनेंस के नाम पर लाखों की बर्बादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

विद्युत विभाग को मध्य प्रदेश सरकार चला रही है या कोई और यह सवाल खड़ा हो चुका है। गांव-गांव शहर शहर वर्षा काल में अंधकार की काली छाया में डूबा हुआ है एक-दो घंटे नहीं 24-24 घंटे बिजली सप्लाई बंद कर विद्युत कंपनी वाट्सएप पर उपभोक्ताओं को सप्लाई बंद होने के छायाचित्र डालकर क्या साबित करना चाहती है वर्षा काल से पूर्व लाखों रुपए मेंटेनेंस पर खर्च किए गए यह लाखों रुपय कहां चला गया विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

विद्युत कटौती को घोषित कटौती न दर्शाकर विभाग लोगों एवं उपभोक्ताओं को गुमराह कर रहा है जबकि विभाग के पास मेंटेनेंस के रूप में भारी भरकम राशि विद्युत पर खर्च की जा चुकी है लेकिन अभी तक विद्युत सप्लाई पूरी तरह दुरुस्त नहीं है। विद्युत विभाग अघोषित रूप से 12 से 16 घंटे की कटौती कर रहा है और यह कटौती मेंटेनेंस के नाम पर रोज की जा रही है।

हम आपको ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की वास्तविक स्थिति से विभाग अधिकारियों को लोगों की वास्तविक स्थिति से अवगत करा रहे सवाल यह है मेंटेनेंस का पैसा कहां गया बारिश से पूर्व जो विद्युत विभाग कंपनी ने जो जनता से दावे किए थे वह दावे खोखले साबित हो रहे हैं व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है हम आपको वास्तविक स्थिति से अवगत करा रहे हैं ।

### संपूर्ण बाड़ी डूब गया अंधकार में



### जवाब देने से परहेज करते दिख रहे हैं अधिकारी

जब हमने विद्युत विभाग के जे.ई से कुछ सवाल पूछना चाह तो हमें पूरे सवालों के जवाब नहीं मिले और फिर जे.ई सर्वेंद्र चौधरी द्वारा हमारे नंबर को ब्लॉक कर दिया गया। ऐसे में अधिकारी जब पत्रकारों को जवाब देना ही उचित नहीं समझेंगे तो विद्युत व्यवस्था में सुधार होना तो बहुत ही मुश्किल लग रहा है।

### भारी भरकम बिल

*रीडिंग के बगैर बिल देना कानूनन अपराध है लेकिन यह अपराध विद्युत कंपनी रोज कर रही है बगैर रीडिंग के बिल लाखों रुपए के दिए जा रहे हैं जिससे उपभोक्ता काफी नाराज है उपभोग का फोरम में भी लोगों की सुनवाई नहीं हो रही है गलत तरीके से प्रकरण दर्ज करने और फर्जी पंचनामा बनाकर लोगों को प्रताड़ित करने के मामले भी दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं।*

### मुख्यमंत्री से की शिकायत

*बालाबाड़ी क्षेत्र के अनेक लोगों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर विद्युत कंपनी द्वारा बालाबाड़ी क्षेत्र में मेंटेनेंस के नाम पर किए गए लाखों रुपए और लोगों पर फर्जी ढंग से प्रकरण दर्ज होने की शिकायत और जांच की मांग की है।*

### इनका कहना है

6 महा पूर्व जो खंभे और केवल चेंज होनी थी उसका डीएसएस सर्वे में काम हो चुका है। कंपनी जल्दी ही कार्य पूर्ण करेगी।

**सर्वेंद्र चौधरी,** जेई बिजली विभाग बाड़ी

---

# मंदिर का चंदा न देने पर डंडों से मारपीट, 3 लोग घायल, 4 आरोपियों पर किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरखेड़ी चौराहे पर बुधवार की शाम मंदिर का चंदा नही देने पर जमकर मारपीट हो गई। जिसमें तीन लोगों को चोटें आईं हैं। पुलिस ने बुधवार रात को इस मामले में फरियादी पंकज साहू पिता जगदीश साहू निवासी बेरखेड़ी चौराहा की रिपोर्ट पर चार आरोपियों प्रेम सिंह ठाकुर, अमित ठाकुर, रजत ठाकुर और दीपक ठाकुर सभी निवासी बेरखेड़ी चौराहा पर मामला दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बुधवार शाम को आरोपी प्रेम सिंह ठाकुर अपने साथियों अमित ठाकुर, रजत ठाकुर और दीपक ठाकुर के साथ पंकज साहू की किराना दुकान जो बेरखेड़ी चौराहे पर स्तिथ है पर मंदिर का चंदा मांगने पहुंचे और उन्होनें जगदीश साहू से चंदे की राशि मांगी तो जगदीश साहू ने धान बेचकर रुपए देने की बात कही।

लेकिन प्रेम सिंह ठाकुर उसी समय रुपए देने पर अड़ गए। इसी बात पर मामला गाली गलौच से होते हुए मारपीट तक पहुंच गया। सभी आरोपियों ने डंडों से पंकज साहू उसके पिता जगदीश साहू और चाचा मनोज साहू के साथ मारपीट कर दी। जिसकी वजह से पंकज के कान के पास गहरी चोट आई है और उसके पिता व चाचा भी घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल सांची के सिविल अस्पताल में कराकर मामले को जांच में लिया है।



### इनका कहना है

- बेरखेड़ी चौराहे पर मंदिर का चंदा मांगने को लेकर मारपीट की घटना हो गई है। जिसमें फरियादी पंकज साहू निवासी बेरखेड़ी चौराहा की रिपोर्ट पर प्रेम सिंह ठाकुर, अमित, रजत और दीपक ठाकुर के विरुद्ध मारपीट का मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

**दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर

### हमने कहा धान बेच कर दे देंगे चंदा की राशि, लेकिन फिर भी की मारपीट

मंदिर के गुंबद बनाने को लेकर मेरी दुकान पर गांव के ही प्रेम सिंह ठाकुर, अमित ठाकुर, रजत ठाकुर और दीपक ठाकुर चंदे के रुपए मांगने आए थे। वह लोग 1 लाख रुपए देने की बात करने लगे। मेरे पिताजी जगदीश साहू ने धान बेचकर रुपए देने की बात कही। लेकिन वह उसी समय रुपए देने की बात पर अड़ गए और नही देने पर गाली गलौच करते हुए डंडों से मारपीट कर दी। मेरे पिता, चाचा और मुझे गंभीर चोटें आईं हैं

**पंकज साहू,** फरियादी बेरखेड़ी चौराहा

---

### जिला पंचायत तथा जांच अधिकारी एसडीएम की भूमिका बनी संदेहास्पद

# पशु घोटाले के आरोपी पर प्रशासन अब तक नहीं कर पाया कार्रवाई

- प्रदेशभर में चर्चित ग्राम पंचायत सांईखेड़ा पर अधिकारी मेहरवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

गोमाता के पशु आहार में लाखों के घोटाले के आरोपी पर घोटाला उजागर होने के करीब 15 दिन बाद भी कार्रवाई न होने से जिला पंचायत तथा जांच अधिकारी एसडीएम की भूमिका संदेहास्पद्र होती जा रही है। प्रदेश भर में चर्चित हो चुके गोशाला प्रकरण को जिला प्रशासन भी नजरअंदाज कर रहा प्रतीत हो रहा है। ज्ञात रहे कि जांच अधिकारी एसडीएम ने पहले 3 से 4 दिन तथा बाद में 7 दिन में कार्रवाही करने की बात मीडिया से कही थी।

जनपद पंचायत सिलवानी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सांईखेड़ा में संचालित राधाकृष्ण गोशाला में पशु आहार में हुए भृष्टाचार और घोटाले का मामला दिन पर दिन गहराता चला जा रहा है। राधाकृष्ण गोशाला के संचालन में सिलवानी के पशु विभाग के डॉक्टरों की मिली भगत से पशु आहार की राशि 16 लाख में जमकर वंदरवाट करते हुए अपने नजदीकी रिश्तेदारों और मित्रों को रेवड़ीयां बांट दी गई है और राधाकृष्ण गोशाला जो कि मई 2023 से लेकर 9 जनवरी 2024 तक बंद होने के उपरान्त पशु पालन विभाग के चिकित्सको के द्वारा गोशाला चालू होने का प्रमाण पत्र जारी किया गया।

बंद गौशाला को चालू गोशाला होने का प्रमाणीकरण प्रस्तुत प्रतिमाह करने के उपरान्त गोसंवर्धन बोर्ड भोपाल के द्वारा पशु आहार जारी किया जाता रहा। जो कि सरपंच के निवास पर उतरता रहा और जब गोशाला की राशि 15 लाख 93 हजार आहरण करने के मामले में वर्तमान सचिव सांईखेड़ा हनुमंत सिंह रघुवंशी द्वारा गोशाला गायों का पशु आहार की राशि आहरण करने से इनकार करने पर जिला पंचायत कार्यालय से वर्तमान सचिव पर कोई आरोप प्रत्यारोप तय हुए बगैर बटेर ग्राम पंचायत के सचिव तखत सिंह को आदेश क्र 2659 दिनांक 14 जून 2024 को वित्तीय अधिकार प्रदान किये गये और तखत सिंह के वित्तीय अधिकार मिलते ही गोशाला की राशि करीब 16 लाख रुपए का भुगतान सरपंच के नजदीकी रिश्तेदारों के खातों में प्रदान करने के उपरान्त 9 जुलाई को सांईखेड़ा में चंद दिनों के लिए पदस्थ किये गये तखत सिंह को आदेश क्र 3065 के तहत वापस मूल पंचायत बटेर भेज दिया गया। जिसमें जनपद पंचायत सिलवानी के प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत से तखत सिंह को वित्तीय अधिकार प्राप्त हुए थे।

मामले की जांच सिलवानी एसडीएम को जांच सौंपी गई जो करीब 15 दिन में भी जांच कार्य अधर में लटका हुआ है और एसडीएम द्वारा की जा रही जांच पर भी सवालिया निशान उठते हुए दिखाई दे रहे है।

इस प्रकरण का मजेदार पहलु यह है कि 30 जून को जिला पंचायत के द्वारा तखत सिंह को वित्तीय अधिकार सोंपे गये थे और उक्त सचिव के द्वारा राशि आहरण की गई और तखत सिंह पर कार्यवाही होने की बजाय जिला पंचायत के द्वारा 12 जुलाई को आदेश क्र 3146 के अंतर्गत सचिव हनुमंत सिंह को कारण बताओं सूचना पत्र जारी कर दिया गया है यह मामला भी चर्चाओं में आ चुका है कि करे कोई और भरे कोई।

### प्रमाण होने के बाद कार्रवाई न होना अनेक संदेहों को दे रहा जन्म

*जिला पंचायत तथा जांच अधिकारी एसडीएम की भूमिका प्रारंभ से ही संदेह के दायरे में देखी जा रही है। गौमाता के आहार में घोटाला किए जाने का मामला संपूर्ण प्रदेश मे चर्चित होने के एक पखवाड़े बाद भी दोषियो पर घोटाले के प्रमाण होने के बाद कार्रवाही ना की जाना अनेक संदेहो को जन्म दे रहा है। बताया जा रहा है कि उक्त प्रकरण में कार्रवाही न होने से मामला उच्च न्यायालय जबलपुर तक पहुंच सकता है? इतना ही नहीं अपुष्ट सूत्रों की बात पर विश्वास किया जावे तो आगामी विधानसभा सत्र में भी पशु आहार घोटाला की गूंज सुनाई दे सकती है।*




### जांच अधिकारी मीडिया से नही कर रहे बात

*जांच अधिकारी एसडीएम से पशु आहार घोटाले को लेकर कई बार बात करनी चाही तो उनके द्वारा मीडिया का मोबाइल रिसीव नही किया गया बल्कि यदि फोन भी रिसीव कर लिया तो व्यस्तता होने का कह कर बात खत्म कर दी।*

---

## झमाझम बारिश से भीगा शहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में गुरुवार को दोपहर साढ़े 3 बजे के करीब कई दिनों बाद तेज बारिश शुरू हुई। आधे घंटे से ज्यादा हुई बारिश से शहर की मुख्य सड़क पर 3 फीट पानी भर गया। इस दौरान वाहन चालकों को अपने वाहन पानी से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि बड़ी संख्या में रोड के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई थी। कई दिनों बाद हुई बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं।

इस बारिश से शहर के अन्य क्षेत्रों में भी पानी भर गया था, जिससे लोगों को परेशानी हुई। बता दें कि रायसेन में इस सीजन में मानसून आने के बाद भी बारिश नहीं होने से धान की फसल कर रहे किसानों को नुकसान हो रहा था। धीरे-धीरे धान की पौध सूखने लगी थी और किसानों को ट्यूबवेल से धान के गड़े भरना पड़ रहे थे, अब तो ट्यूबवेल ने भी साथ छोड़ दिया था।